# राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् बिहार, पटना – 800006

## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा – 2021

## (कक्षा X में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए)

# प्रेस विज्ञप्ति

शैक्षिक सत्र 2020–21 में राज्य के विद्यालयों में कक्षा X में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं से राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा–2021 के आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी निम्नवत् है :–

## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा–2021

■ राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा एन॰ सी॰ ई॰ आर॰ टी॰,नई दिल्ली की एक प्रमुख योजना है। इस योजना का उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों का पता लगाना और उनकी प्रतिभा को पोषित करना है। वर्ष 2012 से यह परीक्षा केवल कक्षा X में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के लिए आयोजित की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत कक्षा–XI से बेसिक साईस, सामाजिक विज्ञान और वाणिज्य के पाठ्यक्रमों के लिए पी॰ एच॰ डी॰ स्तर तक के साथ–साथ व्यवसायिक पाठ्यक्रमों जैसे–इंजिनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान, प्रबंधन एवं विधि की स्नातकोत्तर स्तर तक की शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति के रूप में सहायता प्रदान की जाती है।

■ **छात्रवृत्ति हेतु आवेदन देने की अर्हत्ता**

1. बिहार सरकार/सी॰ बी॰ एस॰ ई॰/ आई॰ सी॰ एस॰ ई॰ / बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड/ बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड एवं दूरस्थ शिक्षा द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय/संस्था में शैक्षिक सत्र 2020–21 में कक्षा X में पढ़ने वाले सभी छात्र/छात्रा इस परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र हैं।
2. दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कक्षा X में अध्ययनरत वैसे छात्र/छात्रा आवेदन हेतु अर्हता धारण करते हैं जो पूर्व में कभी भी किसी बोर्ड/संस्था से कक्षा X वीं की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए हो, जो सरकारी नौकरी में नहीं हो एवं जिनकी आयु 18 वर्ष से कम हो।
3. जिस विद्यालय/संस्थान में विद्यार्थी अध्ययन कर रहा है उसे बिहार राज्य में अवस्थित होना आवश्यक है।
4. अधिवासी (Domicile) का कोई प्रतिबंध नहीं है।
5. इसके लिए कोई आयु या आय–सीमा निर्धारित नहीं है। दूरस्थ शिक्षा से पंजीकृत छात्रों के लिये अधिकतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है।
6. राष्ट्रीय आय–सह–मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे छात्र/छात्राएँ इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।
7. Covid-19 से उत्पन्न परिस्थिति के आलोक में कक्षा IX में उत्तीर्णांक एवं प्राप्तांक की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है।

- **चयन प्रक्रिया** – चयन लिखित परीक्षा के आधार पर होगा।

  लिखित परीक्षा दो स्तर की है।

  **प्रारंभिक परीक्षा** – राज्य स्तर पर (इसका आयोजन SCERT, Patna करती है।)

  **मुख्य परीक्षा** – राष्ट्र स्तर पर (इसका आयोजन NCERT, New Delhi करती है।)

  प्रारंभिक परीक्षा के सफल विद्यार्थी मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होंगे। मुख्य परीक्षा में सफल छात्रों का चयन छात्रवृति हेतु किया जाएगा।
- **छात्रवृत्ति की संख्या** :– राष्ट्रीय स्तर पर छात्रवृत्ति की संख्या 2000 है। प्रारंभिक परीक्षा के लिए वर्ष 2021 हेतु बिहार राज्य का कोटा N.C.E.R.T. नई दिल्ली के द्वारा निर्धारित किया जाएगा।
- **परीक्षा शुल्क** :– इस परीक्षा हेतु शुल्क निम्नवत है –
- सामान्य, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग–150.00 रू0 (एक सौ पचास रूपये)
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं निःशक्त – 75.00रू0 (पचहत्तर रूपये)
- **आरक्षण** : आरक्षण का प्रावधान निम्नवत है :–

  राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (प्रारम्भिक) परीक्षा–2020 (Stage-I) में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित/लागू आरक्षण नियमावली के अनुसार कोटिवार आरक्षण लागू होगा।

  मुख्य परीक्षा **Stage-II** के लिए केन्द्र सरकार द्वारा लागू आरक्षण नियमावली अनुमान्य होगी।
- **जाति–प्रमाण–पत्र** :– आरक्षित श्रेणी के आवेदकों को सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी) से निर्गत जाति–प्रमाण–पत्र Upload करना अनिवार्य होगा। प्रमाण–पत्र Upload नहीं करने की स्थिति में सामान्य श्रेणी का चयन किया जाय।
- **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदकों** को आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत **आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण–पत्र** Upload करना अनिवार्य होगा।
- **निःशक्तता प्रमाण–पत्र** :– निःशक्त आवेदकों के लिए निःशक्तता से संबंधित (Civil Surgeon)/सक्षम प्राधिकार के द्वारा निर्गत (न्यूनतम 40% निःशक्तता का प्रतिशत) निःशक्तता प्रमाण–पत्र Upload करना अनिवार्य होगा। प्रमाण–पत्र Upload नहीं करने की स्थिति में None का चयन किया जाय।

**परीक्षा केन्द्र** :– परीक्षार्थियों की संख्या के अनुरूप परीक्षा केन्द्र सभी जिला मुख्यालयों में निर्धारित किया जायेगा।

## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज प्रारम्भिक परीक्षा का स्वरूप निम्नवत है:–

| विषय | प्रश्नों की संख्या | पूर्णांक | परीक्षा की अवधि | | विषयवार न्यूनतम अर्हत्तांक | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य के लिए | निःशक्त (केवल नेत्रहीन) के लिए | सामान्य के लिए | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/निःशक्त के लिए |
| मानसिक योग्यता परीक्षा (MAT) | 100 | 100 | 120 मिनट | 150 मिनट | 40 (40%) | 32 (32%) |
| शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SAT) | 100 | 100 | 120 मिनट | 150 मिनट | 40 (40%) | 32 (32%) |

परीक्षा का पाठ्यक्रम : राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा का कोई निर्धारित पाठ्यक्रम नहीं है। इस परीक्षा का उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों का पता लगाना है। इस परीक्षा में प्रश्न राज्य सरकार के विद्यालयों में वर्ग IX एवं X में पढ़ाए जाने वाले विषयों / पाठ्यक्रम पर आधारित रह सकते हैं।

मानसिक योग्यता परीक्षा के अन्तर्गत तर्क, विश्लेषण, संश्लेषण, शाब्दिक, अशाब्दिक से सम्बंधित 100 प्रश्न एवं शैक्षिक योग्यता परीक्षा के अंतर्गत विज्ञान (भौतिकी, रसायन, जीव–विज्ञान) सामाजिक विज्ञान (इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल एवं अर्थशास्त्र) एवं गणित विषय से 100 प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न 1 (एक) अंक का होगा। सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ और बहुविकल्पीय प्रणाली के अंतर्गत 4 (चार) विकल्प वाले होंगे। परीक्षा दो पाली में आयोजित की जायेगी। जिसका विवरण निम्नवत् है :–

| विषय | परीक्षा का समय |
|---|---|
| मानसिक योग्यता परीक्षा (MAT) | प्रथम पाली : प्रातः 10:00 से 12:00 बजे अपराह्न तक निःशक्त जनों के लिए 30 मिनट अतिरिक्त (केवल दृष्टि बाधित एवं लिखने में असमर्थ के लिए) |
| शैक्षिक योग्यता परीक्षा (SAT) | द्वितीय पाली : अपराह्न 1:00 से 3:00 बजे अपराह्न तक निःशक्त जनों के लिए 30 मिनट अतिरिक्त (केवल दृष्टि बाधित एवं लिखने में असमर्थ के लिए) |

आवेदन कैसे करें :– SCERT PATNA के वेबसाईट **www.biharscert.in** पर Visit कर **Online Application Portal for (NTSE) National Talent Search Examination-2021 & (NMMSS) National Means Cum Merti Scholarship Scheme Examination-2021** पर क्लिक कर **NTSE-2021** में **Registration** एवं **Application Submission** किया जाना है। विस्तृत दिशा–निर्देश **Portal** पर उपलब्ध है।

छात्र/छात्रा जिस विद्यालय में अध्ययनरत है उस विद्यालय का पंजीकरण **Online Application Portal** पर किया जाना आवश्यक है। **Portal** पर **Registration** एवं **Online Application Submission** संबंधी प्रक्रिया निम्नवत् है। जिस विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा गत वर्ष 2019 की परीक्षा हेतु अपने विद्यालय का पंजीयन किया जा चुका है, वैसे विद्यालय के पंजीयन की आवश्यकता नहीं है। **Portal** पर जिन विद्यालयों का **Registration** नही हुआ है, वैसे विद्यालय के प्रधानाध्यापक /प्राचार्य तत्काल अपने विद्यालय का **Registration** करना सुनिश्चित करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी सभी संबंधित विद्यालयों का रजिस्टेशन ससमय सुनिश्चित करायेंगे जिससे सभी अर्हताधारक छात्र/छात्रा **Online** आवेदन कर सकें।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **Online Application Portal** पर विद्यालय का पंजीकरण | 16.11.2020–26.11.2020 |
| 2. | पंजीकृत विद्यालय का **SCERT** द्वारा सत्यापन | 17.11.2020–30.11.2020 |
| 3. | आवेदकों द्वारा **Online Application Portal** पर **Registration, Online Application Submission** एवं **Online Fee Payment** | 19.11.2020–19.12.2020 |
| 4. | आवेदकों द्वारा **Submit** किये गये **Onlne Application** का विद्यालय स्तर पर **Online Approval** | 25.11.2020–23.12.2020 |
| 5. | **Online** प्रवेश पत्र प्राप्त करना | 15.01.2021–24.01.2021 |
| 6. | परीक्षा तिथि | 24.01.2021 |
| 7. | राष्ट्रीय प्रतिभा खोज (प्रारम्भिक) परीक्षा–2020 **Stage-I** की औपबन्धिक उत्तर कुंजी **(Provisional Answer Key) Portal** पर **Upload** किया जाना | 30.01.2021 |
| 8. | परीक्षा में पूछे गये प्रश्नों एवं अनंतिम उत्तर कुंजी **(Provisional Answer Key)** पर परीक्षार्थियों द्वारा आपत्तियों की प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि (नियत तिथि के उपरान्त अथवा बिना वैध साक्ष्य के प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा) | 10.02.2021 |

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति/सी॰ बी॰ एस॰ ई॰/ आई॰ सी॰ एस॰ ई॰ / बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड/ बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड एवं दूरस्थ शिक्षा द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय/संस्था, SCERT PATNA के वेबसाईट **www.biharscert.in** पर Visit कर **Online Application Portal** पर **Registration** निर्धारित समय सीमा के अन्दर करना सुनिश्चित करेंगे। किसी प्रकार की असुविधा की स्थिति में परिषद् के **Help desk email Id: ntsenmmssexam.scertbihar@gmail.com** एवं हेल्प लाईन नं0–7782046718 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

10/11/20

(गिरिवर दयाल सिंह)
निदेशक
राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्
बिहार, पटना–800006